संख्या-152/2022/1060/001-23-10-22-43(सा0)/2022

प्रेषक,

अभय कुमार ,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास)/विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 **लखनऊ दिनांक 21 अक्टूबर,2022**

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र के विभिन्न जनपदों के 03 चालू सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता (31वां वृत्त सेतु) लोक निर्माण विभाग के पत्रांक-1708/सी0ई0-एस0ई0बी0/आर0वाई0बी0/एल0के0ओ0/2022-23 दिनांक 03.10.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र के विभिन्न जनपदों के 03 चालू सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु निम्नांकित तालिका के कॉलम-04 में अंकित कार्यों के सापेक्ष तालिका के कॉलम-13 में अंकित लागत कुल धनराशि रू0 315.97 लाख (रूपये तीन करोड पन्द्रह लाख सत्तानबे हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण/शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र सं.	क्षेत्र का नाम	खण्ड/ जनपद	मार्ग का नाम	स्वीकृत मूल लागत	दिनॉक 31.3.2021 तक आवंटन	दिनॉक 01.04.2022 को अवशेष	बचत	वर्ष 2022-23 में आवंटन	अद्यतन अवशेष	वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित आवंटन		
										अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (11+12)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
	लखनऊ	नि.ख.-1 सीतापुर	जनपद सीतापुर में बइराईच-सीतापुर मार्ग के किमी0-52 में 2x6 मी0 स्पान के लघु सेतु का निर्माण कार्य।	201.02	143.58	57.44	11.25	17.23	28.96	**22.82**	**6.14**	**28.96**
2	लखनऊ	प्रा.ख. सीतापुर	जनपद सीतापुर में ददुवापुर से गंगवाबेहड़ होते हुये बाबा जंगलीनाथ मन्दिर तक सम्पर्क एवं केवानी नदी पर 3x5 मी. स्पान के आर.सी.सी. लघु सेतु के निर्माण कार्य।	250.16	18.00	232.16	3.13	0.00	229.03	**160.74**	**43.27**	**204.01**

http://shasanadesh.up.gov.in/

क्र सं	क्षेत्र का नाम	खण्ड/ जनपद	मार्ग का नाम	स्वीकृत मूल लागत	दिनॉक 31.3.2021 तक आवंटन	दिनॉक 01.04.2022 को अवशेष	बचत	वर्ष 2022-23 में आवंटन	अद्यतन अवशेष	वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित आवंटन		
										अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (11+12)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
3	लखनऊ	प्रा.ख. रायबरेली	जनपद रायबरेली के विकास खण्ड हरचन्दपुर मेअजमतउल्लागंज एवं पडेरा के मध्य नइया नाला पर 3x 10 मी. स्पान के लघु सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुचं मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य।	417.60	130.00	287.60	4.30	0.00	283.30	**65.40**	**17.60**	**83.00**
			योग:-	**868.78**	**291.58**	**577.20**	**18.68**	**17.23**	**541.29**	**248.96**	**67.01**	**315.97**

अवमुक्त धनराशि रू0 315.97 लाख (रूपये तीन करोड पन्द्रह लाख सत्तानबे हजार मात्र)

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) अवमुक्त की जाने वाली धनराशि केवल उपरोक्त अंकित परियोजनाओं पर ही मानक/ विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा ।

(2) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संबंधी मूल शासनादेशों की शेष शर्तें एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 2,48,96,000 (रुपये दो करोड़ अडतालीस लाख छियानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखाशीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 67,01,000 (रुपये सरसठ लाख एक हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07 जून, 2022 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय कुमार)
संयुक्त सचिव।

संख्या-152/2022/1060/001-23-10-22-43(सा0)/2022, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।

(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।

(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।

(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।

(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।

http://shasanadesh.up.gov.in/

(6) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।

(7) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।

(8) श्री राजेश प्रताप सिंह (उप सचिव/नोडल अधिकारी), लोक निर्माण विभाग ।

(9) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(अभय कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in/